BMW Motorrad
India

Media Information (Hindi)
18 July 2018

# मेक लाइफ ए राइड: नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS भारत में लॉन्च हुई।

BMW G 310 R: एक डायनैमिक रोडस्टर, अपनी बहुमुखी विशेषताओं और स्पोर्टी खूबियों के साथ, शहर की सड़कों के लिए तैयार।

BMW G 310 GS: GS का वादा अर्बन और सबअर्बन राइडिंग को साथ लाकर हर दिन को ऐडवेंचर में बदल दे।

सेगमेंट में पहली बार: तीन साल की स्टैंडर्ड वारंटी और अनलिमिटेड किलोमीटर्स।

**दिल्ली NCR.** BMW मोटोराड इंडिया ने नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS को आज भारत में लॉन्च किया है। इस साल की दो सबसे प्रतिक्षित मोटरसाइकिल्स अब टेस्ट ड्राइव्स के लिए उपलब्ध हैं और इनकी बिक्री BMW मोटोराड डीलर नेटवर्क के जरिये शुरू है।

बिलकुल नये सिरे से परिकल्पित, नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS हर उस चीज को प्रस्तुत करती हैं जिसके लिए BMW मोटोराड मशहूर है और इनके जरिए कंपनी भारत में 500 cc से नीचे के सेगमेंट में प्रवेश कर रही हैं।

श्री दिमित्रिस रैपटिस, हेड ऑफ रीजन एशिया, चाइना, पेसिफिक, साउथ अफ्रीका, BMW मोटोराड ने कहा, “BMW मोटोराड की ऐसी मोटरसाकिइलों का निर्माण करने की विरासत रही है जिनमें अनूठा आकर्षण होता है और जिन्होंने दुपहिया जगत में गौरवशाली इतिहास का सृजन किया है। बात चाहे परफॉर्मेंस की हो या फिर क्वालिटी और हैंडलिंग की, BMW मोटोराड मोटरसाइक्लिस्ट की नब्ज़ को जानती है। नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS 500 cc से नीचे के सेगमेंट में ब्रांड के उल्लेखनीय

BMW India
Private Limited

A BMW Group Company

Registered Office
DLF Cyber City, Phase II
Building No. 8, Tower B
7th Floor
Gurgaon 122 002
India

Corporate Identity
Number
U35991HR1997PTC037
496

Telephone
+91 124 4566 600

Email
corporateaffairs@bmw.in

Internet
www.bmw.in

Bank details
Citibank India
520116001
IFSC-Code
CITI0000002

अनुभव और प्रीमियम महत्वाकांक्षाओं को साथ लेकर आई हैं। इन मोटरसाइकिलों ने BMW मोटोराड के इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा है और यह भविष्य के विकास के लिए मज़बूत नींव खड़ी करेंगी।"

नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS को म्यूनिख, जर्मनी में BMW मोटोराड के द्वारा विकसित किया गया है और इनका उत्पादन कोऑपरेशन पार्टनर TVS मोटर कंपनी द्वारा होसुर, इंडिया में किया जायेगा।

श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, BMW ग्रुप इंडिया ने कहा, "BMW मोटोराड दुनिया की श्रेष्ठ प्रीमियम मोटरसाइकिल्स भारत लेकर आया है और इसने बेहद कम समय में मोटरसाइकिल उत्साहियों के बीच अपनी खास जगह बनाई है। नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS तेजी से बढ़ रहे 500 cc से नीचे के सेगमेंट में अपनी जगह बनाऐंगी और BMW मोटोराड की दुनिया में नये ग्राहक समूहों को लेकर आयेंगी। नई BMW G 310 R उन लोगों के लिए परफेक्ट अर्बन रोडस्टर है जो विशुद्ध मोटरसाइक्लिंग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहते हैं, फिर चाहे खाली सड़क हो या काम पर जाने का रास्ता। जिन लोगों को अधिक ऐडवेंचर की चाहत है, उनके लिए नई BMW G 310 GS सटीक जवाब है। दोनों ही पेशकशें अपने सेगमेंट को नये अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं क्योंकि यह युवाओं, नए राइडर्स, रिटर्निंग राइडर्स और कई अन्य मोटरसाइक्लिस्ट्स के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं।"

एक्स शोरूम कीमतें निम्नलिखित हैं –

| | | |
|---|---|---|
| नई BMW G 310 R | : | INR 2,99,000 |
| नई BMW G 310 GS | : | INR 3,49,999 |

*बिल बनाने के समय प्रचलित कीमत लागू होगी। डिलिवरी एक्स-शोरूम आधार पर की जाएगी। एक्स-शोरूम कीमत में GST @28% सम्मिलित है, लेकिन इसमें रोड टैक्स, RTO वैधानिक कर शुल्क, अन्य स्थानीय कर/उपकर और बीमा शामिल नहीं है। प्राइस और ऑप्शंस किसी पूर्व सूचना के बगैर बदल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने स्थानीय अधिकृत BMW मोटोराड डीलर से मिलें।

नई BMW G 310 R को निम्नलिखित मैटेलिक कलर्स- स्टाइल HP, कॉस्मिक ब्लैक और रेसिंग रेड में लॉन्च किया गया है। नई BMW G 310 GS को निम्नलिखित मैटेलिक कलर्स - पर्ल व्हाइट मैटेलिक, कॉस्मिक ब्लैक और रेसिंग रेड में पेश किया गया है। (स्टाइल HP और पर्ल व्हाइट मैटेलिक के लिए एक्स-शोरूम कीमत पर INR 10,000 अधिक)

**नई BMW G 310 R** में BMW रोडस्टर का प्योर एसेंस है और यह शहर के अंदर और बाहर डायनैमिक परफॉर्मेंस एवं कम्फर्ट दोनों प्रदान करता है। यह शहर की गलियों में शानदार राइडिंग अनुभव देने के साथ ही कंट्री रोड्स पर उम्दा अनुभव देती है। नई BMW G 310 R की दमदार एक्सप्रेसिव डिज़ाइन अपने एजाइल, डायनैमिक कैरेक्टर का

खुलासा करती है और BMW S 1000 R जैसे एथलेटिक फैमिली मेंबर्स की प्रेरणा इसमें झलकती है। स्ट्राइकिंग हेडलैम्पस, मस्क्युलर फ्युल टैंक, आकर्षक ट्रिम एलीमेंट्स और

फ्रंट एवं रियर के रोडस्टर अनुपात इसे सड़क पर एक खास मौजूदगी प्रदान करते हैं। सुगठित अनुपात और शॉर्ट व्हीलबेस दिशा के तेजी से बदलने का वादा करते हैं जबकि हाई रियर बाइक के स्पोर्टी जींस से हल्केपन का अहसास होता है। हाई-एंड डिटेल्स जैसे कि स्टैंडर्ड अपसाइड-डाउन फोर्क, क्वालिटी मैटेरियल्स, सप्लीमेंटरी फिटिंग्स और बेहतरीन वर्कमैनशिप सभी उत्कृष्टता को परिलक्षित करती हैं और नई BMW G 310 R की प्रीमियम एस्पिरेशन पर स्पष्ट रूप से जोर देती हैं।

**नई BMW G 310 GS** को पहली नजर में एक असली GS के तौर पर पहचाना जा सकता है; यह एक बेहद आधुनिक उत्पाद है जिसमें वर्सेटिलिटी की भरमार है और अपने सेगमेंट में इसका कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है। यह ट्रैफिक में फुर्तीली और कठोर टेरेन में बेहद दक्ष है। इसकी एजिलिटी राइडिंग एक्सपीरिएंस की नई दुनिया में लेकर जाती है। बेहद कॉम्पैक्ट और आरामदायक, यह मोटरसाइकिल ऐडवेंचर्स अथवा रोजमर्रा की राइडिंग के लिए परफेक्ट साथी है। हाई फ्रंट फेंडर, स्ट्राइकिंग फ्लाईलाइन, प्रोटेक्टिव विंडस्क्रीन और शॉर्ट लेकिन हाई रियर के साथ, इसमें बड़े GS मॉडल्स से क्लासिक एलीमेंट्स की खूबियां ली गई है। कैरेक्टरस्टिक बीक कलर बैंड के तौर पर फ्युल टैंक से हेडलैम्प मास्क से होते हुये साइड ट्रिम तक उभरकर सामने आती है। हाई क्वालिटी लगेज ब्रिज BMW G 310 GS में स्टैंडर्ड तौर पर दिया गया है जो स्ट्राइकिंग शेप का संयोजन फंक्शनल इफेटिक्वनेस से करता है।

नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS पूरी तरह से नव-विकसित 313 cc वाटर-कूल्ड सिंगल सिलेंडर 4 स्ट्रोक **इंजन** से पावर्ड हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक फ्यूल इंजेक्शन के साथ चार वॉल्व्स एवं दो ओवरहेड कैमशाफ्ट लगे हुये हैं। यह 9,500 rpm पर 25 kW (34 hp) का आउटपुट और 7,500 rpm पर 28 Nm का अधिकतम टॉर्क देता है। यह इंजन डायनैमिक राइडिंग प्लेज़र के लिए आदर्श साथी है। इंजन की एक उल्लेखनीय खूबी इसका बैकवर्ड-टिलटिड सिलेंडर है जिसमें ओपेन-डेक डिज़ाइन दी गई है और सिलेंडर हेड 180 डिग्रीज तक घूमा हुआ है, जिससे इनटेक ट्रैक्ट को फ्रंट में पोजीशन करना संभव होता है। मोटरसाइकिल्स 2.5 सेकंड्स में 0 - 50 km/hr तक एक्सीलरेट होती हैं और 143 km/hr की टॉप स्पीड प्राप्त करती हैं।

नया 6-स्पीड गियरबॉक्स टॉर्क को ऑप्टिमाइज्ड **ट्रांसमिशन** रेशियो के साथ हस्तांरित करता है। स्पॉन्टेनियस थ्रॉटल रिस्पांस, लाइवली पुलिंग पावर, बेहतरीन इंजन

कैरेक्टरस्टिक्स और हाई इंजन स्पीड के साथ, दोनों मोटरसाइकिल्स डायनैमिक राइडिंग परफॉर्मेंस प्रदान करती हैं।

**सस्पेंशन** के मामले में, नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS में बोल्ट-ऑन-रियर के साथ ग्रिड स्ट्रक्चर में टार्शनली स्टिफ, मज़बूत ट्युबुलर स्टील फ्रेम दिया गया है।

फ्रंट व्हील सस्पेंशन के लिए सॉलिड अपसाइड-डाउन फोर्क दिया गया है और रियर में एल्युमिनियम स्विंगिंग आर्म और स्प्रिंग स्ट्रट है जिसे इस पर सीधे लगाया गया है। सस्पेंशन जियोमेट्री को आसान हैंडलिंग, स्टैबिलिटी और न्यूट्रल कॉर्नरिंग रिस्पांस के लिए डिज़ाइन किया गया है जो ऐक्टिव राइडिंग कैरेक्टर और राइडिंग प्रदान करता है।

दोनों मोटरसाइकिल्स में एफिशिएंट डिसिलिरेशन और शॉर्ट ब्रेकिंग डिस्टैंसेस के लिए 2-चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (ABS) वाला हाई परफॉर्मेंस ब्रेक सिस्टम हैं। स्टैंडर्ड मल्टी-फंक्शन इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में बड़ा लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले है जो शानदार क्लैरिटी एवं व्यापक जानकारी प्रदान करता है।

नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS की बिक्री एवं सर्विस BMW मोटोराड के प्रीमियम डीलर नेटवर्क द्वारा की जायेगी। यह दिल्ली (लुटियंस मोटोराड), मुंबई (नवनीत मोटर्स), पुणे (बवेरिया मोटर्स), चेन्नई (KUN मोटोराड), बेंगलुरू (टस्कर मोटोराड), अहमदाबाद (नवनीत मोटर्स) और कोच्चि (EVM ऑटोक्राफ्ट) सहित भारत में सभी महत्वपूर्ण सेंटर्स पर उपस्थित है। चंडीगढ़ और कोलकाता में BMW मोटोराड की आगामी डीलरशिप्स भी मोटरसाइकिल्स की बुकिंग्स लेना शुरू कर देंगी।

कम्प्लीट पीस ऑफ माइंड तथा यह सुनिश्चित करने के लिए प्योर मोटरसाइक्लिंग की यात्रा बिना अड़चन के जारी रहे, नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS 'तीन साल, अनलिमिटेड किलोमीटर्स' की स्टैंडर्ड वारंटी के साथ पेश की गई हैं। इस वारंटी को चौथे साल या पॉचवे साल के लिए अतिरिक्त कीमत पर बढ़ाया जा सकता है।

BMW फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया के द्वारा नई BMW G 310 R और नई BMW G 310 GS अब सिर्फ INR 6,999 और INR 7,999 की मासिक किश्तों पर उपलब्ध हैं। इसमें रोड साइड असिसटेंस भी शामिल है और ऐक्प्रेस लोन की सुविधा भी दी जा रही है।

If you have any queries, please contact:

**BMW Group India**

Abhay Dange, Director, Press and Corporate Affairs
Cell: +91 9910481013, Tel: + 91 124 4566 600, Fax: + 91 124 4566 612, Email: Abhay.Dange@bmw.in

Richa Sharma, Business and Finance Communication, Press and Corporate Affairs
Cell: +91 99 100 22148, Tel: + 91 124 4566 655, Fax: + 91 124 4566 612, Email: Richa.Sharma@bmw.in

Internet: www.bmw-motorrad.in
Facebook: https://www.facebook.com/BMWMotorradIN/
Twitter: https://twitter.com/BMWMotorrad_IN
YouTube: https://www.youtube.com/channel/UCCz9St6Kvq2uk-BbaWV15mA
Instagram: https://www.instagram.com/bmwmotorrad_IN/